रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 2654] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, सितम्बर 14, 2017/भाद्र 23, 1939
No. 2654] NEW DELHI, THURSDAY, SEPTEMBER 14, 2017/BHADRA 23, 1939

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 13 सितम्बर, 2017

का.आ. 3031(अ).—भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ.1274(अ) तारीख 31 मार्च, 2016 द्वारा भारत के राजपत्र, आसाधारण में प्रारूप अधिसूचना, उन सभी व्यक्तियों से जिनके उससे प्रभावित होने की संभावना थी, उक्त अधिसूचना के राजपत्र की प्रतियां, जनता को उपलब्ध कराए जाने की तारीख से साठ दिन की अवधि के भीतर आक्षेप और सुझाव आमंत्रित किए गए थे;

और, उक्त राजपत्र, की प्रतियां जनता को 31 मार्च, 2016 को उपलब्ध करा दी गई थीं;

और, प्रारुप अधिसूचना के प्रत्युत्तर में किन्हीं व्यक्तियों और पणधारियों से कोई आक्षेप और सुक्षाव प्राप्त नहीं हुए थे;

और, कर्नाटक राज्य के चमराजनगर जिले (हनुर ताल्लुक) में स्थित मलाई महादेश्वरा वन्य जीव अभयारण्य, जिसे अधिसूचना सं. एफईई 90 डब्ल्यू एल 2013, तारीख 7.5.2013 द्वारा अधिसूचित किया गया था, उत्तरी अक्षांश $11^{0}44'54.29''$उ से $12^{0}9'32.51''$उ और पूर्वी देशांतर $77^{0}15'28.54''$पू से $77^{0}40'6.35''$पू के बीच स्थित है और 906.187 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में फैला हुआ है;

और, मलाई महादेश्वरा वन्यजीव अभयारण्य कर्नाटक के सवाना वनस्थली वनों का महत्वपूर्ण भाग है और हाथी परियोजना द्वारा घोषित मैसूर हाथी रिजर्व का भी भाग है जो अभयारण्य के पारिस्थितिक महत्व का वर्णन करने वाले एशियाई हाथियों की अच्छी सघनताओं का अवलंभ देता है और हाल ही में बाघों को भी इस वन्य जीव अभयारण्य में प्रलेखीकृत किया गया है;

और, अभयारण्य की पश्चिमी दिशा बहुत संकुचित गलियारे से होती हुई बिलिगिरि रंगास्वामी मंदिर बाघ रिजर्व से जुडी हुई है, दक्षिणी दिशा सत्यमंगलम बाघ रिजर्व (1,411.6 वर्ग किलोमीटर) से जुडा हुआ है और पूर्वी भाग उत्तरी बारागुल आरक्षित वन (451.5 वर्ग किलोमीटर) से जुडा हुआ है जिनमें से दोनों तमिलनाडु में है जो 3,000 वर्ग किलोमीटर में व्यापक प्रजातियों के लिए ऐसा समीपस्थ आश्रय है जो देश में विशालतम आश्रय है जहां कुछ बडे स्तनपायी पाए जाते हैं जिनमें बाघ, चीता, जंगली कुत्ता, लक्डबग्घा, रीछ, हाथी, गौर, सांभर, चीतल और चौसिंगा हिरण भी हैं, ऊदबिलाव और दलदली मगरमच्छ दो महत्वपूर्ण नदीय वन्यजीव प्रजातियां है तथा अभयारण्य संकटग्रस्त मीन दक्कन महाशीर के लिए भी प्रसिद्ध है। नदी पालार अभयारण्य के बीच से बहती है और अभयारण्य की पूर्वी दिशा पर अंतरराज्यीय सीमा का निर्माण करती है , और अभयारण्य के भीतर 19 अनुलग्नक ग्राम है;

और, मलाई महादेश्वरा वन्यजीव अभयारण्य में वनस्पति की आरईटी प्रजातियां बिल्पापात्र (*एग्लेमेर्मेलोस*), दिंदिगा (*एनोगलिसियसलिटिफ़ोलिया*), मुटुगा (*बुटीमोनोस्पर्मिया*), उरुगुगु (*चोलओक्सिलोन स्विससिनेशिया*), बीट (*डाल्बर्गियालाटीफोलिया*), कामारा (*हार्डवीइकेबिनाटा*), होनने (*पेटरोकार्पसमारस्यूपियम*), शृगंध (*सांतल्यूम एल्बम*), सागाडे (*श्लेएचेराओलोसा*), मैटी (*टर्मिनलियाटोमेंटोसा*) , तारे (*टर्मिनलियाबेलिरिका*), हेल, हलगोरि (*राइटिएटिंटरिया*), जलारी (*शोरिया*) आदि, पाये जाते हैं।

और, मलाई महादेश्वरा वन्यजीव अभयारण्य में स्तनधारियों और सरीसृपों की आरईटी प्रजातियां भारतीय जंगली कुत्ता या धोले (*क्योन अलपाइनस*), गोल्डन सियार (*कैनीसौरेस*), धारीदार लकड़बग्धा (*हायना हायना*), रीछ (*मेलुरसुसरसिनस*), जंगली बिल्ली (*फेलिसचाउस*), रस्टी-स्पॉटेड बिल्ली (*प्रीओनैलुरुसरुचबिगिनोसस*), स्मूद-कोटेड ऊदबिलाव (*लुटरोगालेपेरस्पेसिलाटा*), ओरिएंटल छोटे पंजे ऊदबिलाव (*एओनीक्साइनेरेआ*), सामान्य ऊदबिलाव (*लुट्रालुट्रा*), हनी बैजर (*मेल्लिओराक्पेनसिस*), भारतीय साही (*हाइस्ट्रीक्स इंडिका*), भारतीय साल (*मैनिसकासिकाउडाटा*), छोटा भारतीय मुसंग (*वीवरिकुलैनिडेका*), सामान्य मुसंग (*पैराडोक्सुरस हेर्मैफ्रोडिक्स*), रूडी नेवला (*हर्पेस्टेस्मिथी*), स्ट्राइप-नेक्ड नेवला (*हर्पेस्टेस्विटिकोलिस*), ग्रे नेवला (*हर्पेस्टेस्डेडर्सि*), एशियाई हाथी (*एलिफ्समेक्सिमस*), गौर (*बॉस्गोरस*), सांभर (*रुसा यूनीक्लोर*), चीतल (*एक्सिस एक्सिस*), चौसिंगा हिरण (*टेट्रासरुस्काड्राक्रॉर्निस*), काला हिरण (*एन्टीपेसिरविकापरा*), जंगली सुअर (*सुसस्क्रोफा*), भारतीय मुंटजैक (*मुंटीकुसमुंटजैक*) भारतीय चित्तीदार मूषक मृग (*मोसचिओलांडिका*), दक्षिणी मैदानी ग्रे लंगूर (*सेम्नोपिथेकुसड्युमिएरी*), लघु पुच्छ वानर (*मकाकाराडियाटा*), ब्लैक नेप्ड खरगोश (*लेपुसनिगरिकोलिस*), विशालकाय गिलहरी (*रेटुफामाक्रोउरा*), भारतीय विशाल फ्लाइंग गिलहरी (*पेटुरिस्ताफिलिपेंसिस*), मद्रास ट्री श्रेव (*अनथानेलियॉटी*), मार्श मगरमच्छ (*क्रोकोडायलिस्पालस्टिस*), भारतीय मॉनिटर छिपकली (*वाराणसबेंगलेंसिस*), डेक्कन माहसिर (*टोर खुदरी*), भारतीय लोमड़ी (*वल्पसबेंग्लांसिस*), भूरा नेवला (*हेर्पेस्टेसप*) आदि, पाये जाते हैं।

और, मलाई महादेश्वरा वन्यजीव अभयारण्य के चारों ओर के क्षेत्र को, जिसका विस्तार और सीमाएं इस अधिसूचना के पैरा 1 में विनिर्दिष्ट हैं, और पारिस्थितिक पर्यावरण की दृष्टि से पारिस्थितिक संवेदी जोन के रूप में सुरक्षित और संरक्षित करना तथा उक्त पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उद्योगों और उद्योगों के वर्गों के प्रचालन तथा प्रसंस्करण करने को प्रतिषिद्ध करना आवश्यक है;

अतः, अब, केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (3) और उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) और उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कर्नाटक राज्य में मलाई महादेश्वरा वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के इर्द गिर्द 0.45 किलोमीटर से 4.20 किलोमीटर तक के विस्तार तक के क्षेत्र को मलाई महादेश्वरा वन्य जीव अभयारण्य पारिस्थितिक संवेदी जोन (जिसे इसमें इसके पश्चात् पारिस्थितिक संवेदी जोन कहा गया है) के रूप में अधिसूचित करती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है, अर्थात् :—

1. **पारिस्थितिक संवेदी जोन का विस्तार और उसकी सीमाएं**.— (1) पारिस्थितिक संवेदी जोन 143.12 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में फैला हुआ है और जिसका विस्तार मलाई महादेश्वरा वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के इर्द गिर्द 0.45 किलोमीटर से 4.20 किलोमीटर के बीच है और ऐसे जोन की सीमाओं के ब्यौरे सहित **उपाबंध I** के रूप में संलग्न है । मलाई महादेश्वरा वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिक संवेदी जोन के चमराजनगर जिले के कोलेगल तालुक में 8 राजस्व ग्राम और 18 संलग्न ग्राम आते हैं। कावेरी वन्यजीव अभयारण्य और बीआरटी बाघ आरक्षिती के पारिस्थितिक संवेदी जोन की मलाई महादेश्वरा वन्यजीव अभयारण्य के निकट ग्रामों अतिव्याप्ति है, जो कि मलाई महादेश्वरा वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिक संवेदी जोन में सम्मिलित नहीं है। मलाई महादेश्वरा वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिक संवेदी जोन के अन्तर्गत आरक्षित वन नहीं है।

(2) अक्षांश और देशांतर के साथ पारिस्थितिक संवेदी जोन की सीमा का मानचित्र **उपाबंध II** के रूप में संलग्न है ।

(3) मलाई महादेश्वरा वन्यजीव अभयारण्य की सीमा और पारिस्थितिक संवेदी जोन की सीमा पर मुख्य बिंदुओं के भू निर्देशांक **उपाबंध III** के रूप में संलग्न है ।

(4) पारिस्थितिक संवेदी जोन के अन्तर्गत आने वाले 26 ग्रामों की सूची (संलग्न एवं राजस्व ग्राम) और क्षेत्रों का विवरण **उपाबंध IV** में दिया गया है ।

2. पारिस्थितिक संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना.—(1) राज्य सरकार, पारिस्थितिक संवेदी जोन के प्रयोजन के लिए राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर, स्थानीय व्यक्तियों के परामर्श से और इस अधिसूचना में दिए गए अनुबंधों का पालन करते हुए राज्य सरकार में सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के लिए आंचलिक महायोजना तैयार करेगी ।

(2) पारिस्थितिक संवेदी जोन के लिए आचंलिक महायोजना राज्य सरकार द्वारा इस अधिसूचना में यथाविनिर्दिष्ट रीति में और सुसंगत केंद्रीय और राज्य विधियों और केंद्रीय सरकार द्वारा जारी मार्गनिर्देशों सिद्धांतों, यदि कोई हो, के अनुरूप तैयार की जाएगी।

(3) आंचलिक महायोजना, पर्यावरणीय और पारिस्थितिक बातों को समाकलित करने के लिए राज्य सरकार के सभी संबद्ध विभागों के परामर्श से तैयार होगी, अर्थात्:—

(i) पर्यावरण;

(ii) वन और वन्यजीव;

(iii) कृषि और बागबानी ;

(iv) राजस्व;

(v) शहरी विकास;

(vi) पर्यटन सहित पारिस्थितिक पर्यटन;

(vii) ग्रामीण विकास;

(viii) सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण;

(ix) नगरपालिक और शहरी विकास;

(x) पंचायती राज;

(xi) लोक निर्माण विभाग।

IndiaCode

(4) आंचलिक महायोजना अनुमोदित विद्यमान भू-उपयोग, अवसंरचना और क्रियाकलापों पर कोई निर्बंधन तब तक अधिरोपित नहीं करेगी जब तक कि इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो और आचंलिक महायोजना सभी अवसंरचना और क्रियाकलापों में और अधिक दक्षता और पारिस्थितिक अनुकूलता का संवर्धन करेगी ।

(5) आंचलिक महायोजना में अनाच्छादित क्षेत्रों के जीर्णोद्धार, विद्यमान जल निकायों के संरक्षण, आवाह क्षेत्रों के प्रबंधन, जल-संभरों क्षेत्रो के प्रबंधन, भूतल जल के प्रबंधन, मृदा और नमी संरक्षण, स्थानीय समुदायों की आवश्यकताओं तथा पारिस्थितिक और पर्यावरण से संबंधित ऐसे अन्य पहलुओं, जिन पर ध्यान देना आवश्यक है, के लिए उपबंध होंगे ।

(6) आंचलिक महायोजना सभी विद्यमान पूजा स्थलों, ग्रामों और नगरीय बंदोबस्तों, वनों के प्रकार और किस्मों, कृषि क्षेत्रों, ऊपजाऊ भूमि, हरित क्षेत्र जैसे उद्यान और उसी प्रकार के स्थान, उद्यान कृषि क्षेत्र, फलोउद्यान, झीलों और अन्य जल निकायों का अभ्यकंन करेगी और योजना को विद्यमान और प्रस्तावित भूमि उपयोग की विशेषताओं के ब्यौरे देते हुए मानचित्र द्वारा समर्थित किया जाएगा ।

(7) आंचलिक महायोजना पारिस्थितिक संवेदी जोन में विकास को विनियमित करेगी और सारणी में सूचीबद्ध प्रतिषिद्ध और विनियमित कार्यकलापों का पालन करेगी तथा स्थानीय समुदायों के पारिस्थितिकी अनुकूल विकास के लिए जीवकोपार्जन को सुरक्षित करने को सुनिश्चित किया जा सकेगा।

(8) आंचलिक महायोजना क्षेत्रीय विकास योजना के साथ सह-विस्तारी होगी ।

(9) आंचलिक महायोजना इस अधिसूचना में दिए गए उपबंधों के संबंध में अपने कार्य करने के लिए निगरानी समिति के लिए एक संदर्भ दस्तावेज तैयार करेगी ।

3. **राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले उपाय.**—राज्य सरकार, इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी करने के लिए निम्नलिखित उपाय करेगी, अर्थात्:—

(1) **भू-उपयोग –** (क) पारिस्थितिक संवेदी जोन में वनों, उद्यान-कृषि क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, आमोद-प्रमोद के प्रयोजन के लिए चिन्हित किए गए पार्कों और खुले स्थानों का वाणिज्यिक और औद्योगिक संबद्ध विकास क्रियाकलापों के लिए उपयोग या संपरिवर्तन नहीं होगा।:

(ख) परंतु पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर भाग (क) में विनिर्दिष्ट प्रयोजन से भिन्न प्रयोजन के लिए कृषि और अन्य भूमि का संपरिवर्तन मानीटरी समिति की सिफारिश पर और यथा लागू क्षेत्रीय नगर योजना अधिनियम तथा केन्द्रीय/राज्य सरकार के अन्य नियमों तथा विनियमों के अधीन सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन से, तथा इस अधिसूचना के उपबंधों द्वारा स्थानीय निवासियों की निम्नलिखित आवासीय जरूरतों को पूरा करने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा, जैसे:—

(i) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना तथा नई सड़कों का संनिर्माण;

(ii) बुनियादी ढांचों और नागरिक सुविधाओं का संनिर्माण और नवीकरण;

(iii) प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग;

(iv) कुटीर उद्योगों जिसके अंतर्गत ग्रामीण कारीगर भी हैं; सुविधाजनक भण्डार और गृह वास सहित स्थानीय सुख सुविधाओं में सहायक पारिस्थितिक पर्यटन में; और

(v) संवर्धित क्रियाकलाप पैरा 4 के अधीन दिया गया है:

(ग) परंतु यह और कि किसी जनजातीय भूमि का उपयोग राज्य सरकार के संबद्ध क्षेत्रीय नगर योजना अधिनियम और अन्य नियमों तथा विनियमों के अधीन सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन तथा संविधान के अनुच्छेद 244 प्रवृत्त विधि के उपबंधों के अनुपालन के बिना, या तत्समय प्रवृत्त विधि जिसके अंतर्गत अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) भी है, वाणिज्यिक या उद्योग विकास क्रियाकलापों के लिए जनजातीय भूमि का उपयोग अनुज्ञात नहीं होगा:

(घ) परंतु यह और भी कि पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर भू-अभिलेखों में कोई त्रुटि, निगरानी समिति के विचार प्राप्त करने के पश्चात् राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में एक बार ठीक की जाएगी और उक्त त्रुटि के ठीक किए जाने की सूचना केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को दी जाएगी ।

(ङ) परंतु यह भी कि उपर्युक्त त्रुटि को ठीक करना इस उप पैरा के अधीन यथा उपबंधित के सिवाय किसी भी दशा में भू-उपयोग का परिवर्तन सम्मिलित नहीं होगा।

(च) वनीकरण तथा वास जीर्णोद्धार क्रियाकलापों सहित अनप्रयुक्त या अनुत्पादक कृषि क्षेत्रों में पुन: वनीकरण करने के प्रयास किए जाएंगे ।

(2) **प्राकृतिक जल निकाय.**—आचंलिक महायोजना में सभी प्राकृतिक जल स्रोतों/नदियों/चैनलों की पहचान की जाएगी और उनके संरक्षण और पुनरुद्भूतकरण के लिए योजना सम्मिलित होगी।

(3) **पर्यटन/पारिस्थितिक पर्यटन.**—(क) पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर सभी नए पारिस्थितिक पर्यटन क्रियाकलाप या विद्यमान पर्यटन संबंधी क्रियाकलापों का विस्तार पारिस्थितिक संवेदी जोन के लिए पर्यटन महायोजना के अनुसार होंगे ।

(ख) पारिस्थितिक पर्यटन महायोजना पर्यटन विभाग, द्वारा राज्य सरकार के पर्यावरण और वन विभाग के परामर्श से तैयार होगी ।

(ग) पर्यटन महायोजना आंचलिक महायोजना के एक घटक के रूप में होगी ।

(घ) पारिस्थितिक पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप निम्नलिखित के अधीन विनियमित होंगे, अर्थात् :—

(i) वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिक संवेदी जोन के विस्तार तक, जो भी निकट हो, किसी होटल या रिसोर्ट का नया संन्निर्माण अनुज्ञात नहीं किया जाएगा । तथापि, वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से एक किलोमीटर की दूरी से परे पारिस्थितिक संवेदी जोन के विस्तार तक नए होटलों और रिसोर्टों की स्थापना पर्यटन महायोजना के अनुसार पारिस्थितिक पर्यटन सुविधाओं के लिए पूर्व सीमांकित और पदाभिहित क्षेत्रों में ही अनुज्ञात की जाएगी।

(ii) पारिस्थितिक संवेदी जोन के अन्दर सभी नए पर्यटन क्रिया-कलाप या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विस्तार केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी मार्गदर्शी सिद्धांतों तथा पारिस्थितिक पर्यटन पर बल देते हुए राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण द्वारा जारी पारिस्थितिक पर्यटन मार्गदर्शी सिद्धांतों (समय-समय पर यथा संशोधित) के अनुसार होगा ।

(iii) जब तक आंचलिक महायोजना का अनुमोदन नहीं कर दिया जाता है जब तक पर्यटन संबंधी विकास तथा विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार मानीटरी समिति के वास्तविक स्थल विनिर्दिष्ट संवीक्षा तथा सिफारिश के आधार पर सम्बंधित विनियामक प्राधिकारी द्वारा अनुज्ञात किया जाएगा और पारिस्थितिक संवेदी जोन क्षेत्र के भीतर कोई नया होटल/रिसार्ट या वाणिज्यिक स्थापन का संन्निर्माण अनुज्ञात नहीं किया जाएगा ।

(4) **नैसर्गिक विरासत.**—पारिस्थितिक संवेदी जोन में महत्वपूर्ण नैसर्गिक विरासत के सभी स्थलों जैसे सभी जीन कोश आरक्षित क्षेत्र, शैल विरचनाएं, जल प्रपातों, झरनों, घाटी मार्गों, उपवनों, गुफाएं, स्थलों, भ्रमण, अश्वरोहण, प्रपातों आदि की पहचान की जाएगी और विरासत संरक्षण योजना आंचलिक महायोजना के भाग के रुप में परिरक्षण और संरक्षण के लिए तैयार की जाएगी ।

(5) **मानव निर्मित विरासत स्थल**.—पारिस्थितिक संवेदी जोन में भवनों, संरचनाओं, शिल्प-तथ्य, ऐतिहासिक, कलात्मक और सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों की पहचान और उनके संरक्षण के लिए विरासत योजना आंचलिक महायोजना के भाग के रुप में तैयार की जाएगी ।

(6) **ध्वनि प्रदूषण.**—पारिस्थितिक संवेदी जोन में ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण का ध्वनि पर्यावरणीय (संरक्षण) अधिनियम, 1986, और उसमें किए गए संशोधनों के अधीन प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियमों 2000 के अनुसार अनुपालन किया जाएगा ।

(7) **वायु प्रदूषण**.—पारिस्थितिक संवेदी जोन में, वायु प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) के उपबंधों और उसके अधीन बनाए गए नियमों और उनमें किए गए संशोधनों के अनुसार अनुपालन किया जाएगा ।

(8) **बहिस्राव का निस्सारण**.—पारिस्थितिक संवेदी जोन में उपचारित बहिस्राव का निस्सारण, साधारणों मानकों के अन्तर्गत पर्यावरणीय (संरक्षण) अधिनियम, 1986 और उसके अधीन बनाए गए नियमों के अधीन आने वाले पर्यावरणीय प्रदूषण के निस्सारण के लिए साधारण मानकों या राज्य सरकार द्वारा नियत मानकों, जो भी अधिक कठोर हो, के उपबंधों के अनुसार होगा।

(9) **ठोस अपशिष्ट.**—ठोस अपशिष्टों का निपटान और प्रबंधन निम्नलिखित रूप में होगा—

(क) पारिस्थितिक संवेदी जोन में ठोस अपशिष्ट निपटान और प्रबंध, समय-समय पर संशोधित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016, जो भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1357(अ) तारीख 8 अप्रैल, 2016 द्वारा प्रकाशित किए गए थे, के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ; अकार्बनिक सामग्री का निपटान पारिस्थितिक संवेदी जोन के बाहर पहचान किए गए स्थल पर किसी पर्यावरणीय स्वीकृत रीति में होगा;

(ख) पारिस्थितिक संवेदी जोन के अंतर्गत ठोस अपशिष्टों के सुरक्षित और पर्यावरणीय ध्वनि प्रबंधन को पहचान की गई प्रौद्योगिकियों का उपयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप अनुमति दी जाएगी।

(10) **जैव चिकित्सीय अपशिष्ट.**—जैव चिकित्सीय अपशिष्ट प्रबंधन निम्नलिखित रूप में होगा—

(क) पारिस्थितिक संवेदी जोन में जैव चिकित्सीय अपशिष्टों का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं.का.नि 343 (अ), तारीख 28 मार्च 2016 द्वारा प्रकाशित जैव चिकित्सीय अपशिष्ट प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(ख) पारिस्थितिक संवेदी जोन के अंतर्गत जैव-चिकित्सा अपशिष्टों के सुरक्षित और पर्यावरणीय ध्वनि प्रबंधन को पहचान की गई प्रौद्योगिकियों का उपयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप अनुमति दी जाएगी।

(11) **प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन.**—पारिस्थितिक संवेदी जोन में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंध भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं.का.नि 340(अ), तारीख 18 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंध नियम 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(12) **निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन.**—पारिस्थितिक संवेदी जोन में संनिर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंध भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं.का.नि 317(अ), तारीख 29 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित संनिर्माण और विध्वंस प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(13) **ई–अपशिष्ट:-** पारिस्थितिक संवेदी जोन में ई–अपशिष्ट प्रबंध भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा प्रकाशित ई–अपशिष्ट प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(14) **यानीय परिवहन: -** परिवहन की यानीय संचलन आवास - अनुकूल रीति में विनियमित होंगी और इस संबंध में आंचलिक महायोजना में विनिर्दिष्ट उपबंध समाविष्ट किए जाएंगे और आंचलिक महायोजना के तैयार होने और राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी द्वारा के अनुमोदित होने के समय तक, निगरानी समिति प्रवृत्त नियमों और विनियमों के अनुसार यानीय संचलन के अनुपालन को मानीटर करेगी ।

(15) **यानीय प्रदूषण:-** लागू विधियों के अनुसार यानीय प्रदूषण के निवारण और नियंत्रण का अनुपालन किया जाएगा। स्वच्छक ईंधन के उपयोग के लिए किए गए प्रयास उदाहरण के लिए संपीड़ित प्राकृतिक गैस, एलपीजी, आदि हैं ।

(16)**औद्योगिक ईकाइयां: -** (i) राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन पर या उसके पश्चात पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर किन्हीं नए प्रदूषित उद्योगों की स्थापना की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी।

(ii) केवल गैर प्रदूषण कारी उद्योग, फरवरी, 2016 में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी मार्गदर्शक सिद्धांत में उद्योगों के वर्गीकरण अनुज्ञा तब तक दी जाएगी जब तक इस अधिसूचना में इस प्रकार विनिर्दिष्ट न हो इसके अतिरिक्त, गैर प्रदूषणकारी कुटीर उद्योगों को संवर्धन किया जाएगा।

(17) **पहाड़ी ढलानों को संरक्षण: -** पहाड़ी ढलानों का संरक्षण निम्नानुसार होगा:

(क) आंचलिक महायोजना पहाड़ी ढलानों पर क्षेत्रों को इंगित करेगा जहां किसी भी संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी ।

(ख) कटाव के विद्यमान खड़ी पहाड़ी ढलानों या उच्च डिग्री के साथ ढलानों पर किसी भी संनिर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

(18) यदि वह यह आवश्यक समझता है, इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी करने में केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकार, अतिरिक्त उपायों को विनिर्दिष्ट करेगी।

4. पारिस्थितिक संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध और विनियमित किए जाने वाले क्रियाकलापों की सूची - पारिस्थितिक संवेदी जोन में सभी क्रियाकलाप पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) के उपबंधों और तटीय विनियमन जोन 2011 और पर्यावरणीय प्रभाव आकलन अधिसूचना, 2006 और वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 (1980 के 69), भारतीय वन अधिनियम, 1927 (1927 के 16), वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (1972 के 53) और उनमें किए गए संशोधनों सहित अन्य लागू विधियों द्वारा शासित होंगे और नीचे दी गई सारणी में विनिर्दिष्ट रीति में विनियमित होंगे, अर्थात् :—

सारणी

क्रम सं.	क्रियाकलाप	टीका-टिप्पणी
(1)	(2)	(3)
	प्रतिषिद्ध क्रियाकलाप :	
1.	वाणिज्यिक खनन ।	(क) सभी नए और विद्यमान खनन (लघु और वृहत खनिज), पत्थर उत्खनन और उनको तोड़ने की इकाइयां वास्तविक स्थानीय निवासियों की घरेलू आवश्यकताओं को पूरा करने के सिवाय जिसमें निजी उपयोग के लिए मकानों के संन्निर्माण या मरम्मत के लिए भूमि को खोदना और मकान बनाने के लिए देशी टाइलों का निर्माण भी प्रतिषिद्ध है; (ख) खनन संक्रियाएं, रिट याचिका (सिविल) सं. 1995 का 202 टी.एन. गौडाबर्मन थिरुमूलपाद बनाम भारत सरकार के मामले में माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेश तारीख 4 अगस्त, 2006 और रिट याचिका (सी) सं. 2012 का 435 गोवा फाउंडेशन बनाम भारत सरकार के मामले में माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेश तारीख 21 अप्रैल, 2014 के अनुसार की जाएंगी।

2.	प्रदूषण (जल या वायु या मृदा या ध्वनि आदि,) कारित करने वाले उद्योगों की स्थापना ।	कोई नया उद्योग या पारिस्थितिक संवेदी जोन में प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों के विस्तार की अनुमति नहीं दी जाएगी। पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा फरवरी, 2016 में जारी दिशानिर्देशों में उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार सिर्फ गैर- प्रदूषणकारी उद्योगों को तब तक अनुज्ञात किया जाएगा, जब तक कि इस अधिसूचना में इस प्रकार विनिर्दिष्ट न हो इसके अतिरिक्त, गैर प्रदूषणकारी कुटीर उद्योगों का संवर्धन किया जाएगा।
3.	बृहत जल विद्युत परियोजना की स्थापना ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
4.	किसी परिसंकटमय पदार्थों का उपयोग या उत्पादन या प्रस्संकरण ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
5.	प्राकृतिक जल निकायों या भूमि क्षेत्र में अनुपचारित बहिस्रावों का निस्सारण ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
6.	नई आरा मिलों की स्थापना।	पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर नई या विद्यमान आरा मिलों का विस्तार अनुज्ञात नहीं होगा ।
7.	ईंट भट्टों की स्थापना करना।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
8.	जलावन लकड़ियों का वाणिज्यिक उपयोग ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
9.	नए काष्ठ आधारित उद्योग ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
	ख. विनियमित क्रियाकलाप	
10.	होटल और रिसोर्ट की वाणिज्यिक स्थापना ।	पारिस्थितिक पर्यटन क्रियाकलापों के लिए लघु अस्थायी संरचनाओं के लिए संरक्षित क्षेत्र सीमा के एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिक संवेदी जोन के विस्तार तक जो भी निकट हो, कोई नया वाणिज्यिक होटल और रिसोर्ट अनुज्ञात होंगे अन्यथा नहीं । परन्तु संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर परे या पारिस्थितिक संवेदी जोन के विस्तार तक, जो भी निकट हो सभी नए पर्यटन क्रियाकलापों या विद्यमान क्रियाकलापों का विस्तार यथा लागू पर्यटन महायोजना के अनुरुप होगा ।
11.	फर्मों, कॉर्पोरेट, कंपनियों द्वारा बड़े पैमाने पर वाणिज्यिक पशुधन संपदा और फर्मों, कारपोरेट द्वारा कुक्कुट फार्मों की स्थापना ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
12.	संनिर्माण क्रियाकलाप ।	(क) संरक्षित क्षेत्र या पारिस्थितिक संवेदी जोन जो भी निकट हो, की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर किसी भी प्रकार का वाणिज्यिक संनिर्माण अनुज्ञात नहीं किया जाएगा: परंतु स्थानीय लोगों को पैरा 3 के उप पैरा (1) में सूचीबद्ध क्रियाकलापों सहित उनके आवासीय उपयोग के लिए उनकी भूमि में संनिर्माण करने की अनुमति भवन उपविधियों के अनुसार दी जाएगी । (i) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना तथा नई सड़कों का संनिर्माण; (ii) बुनियादी ढांचों और नागरिक सुविधाओं का संनिर्माण और नवीकरण; (iii) केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी दिशानिर्देशों में फरवरी, 2016 के भीतर सिर्फ गैर- प्रदूषित उद्योगों की स्थापना के वर्गीकरण;

		(iv) कुटीर उद्योगों जिसके अंतर्गत ग्रामीण उद्योग हैं; सुविधाजनक भण्डार और स्थानीय सुख सुविधाओं जो पारिस्थितिक पर्यटन, जिस में गृह वास भी सहायक हो; और (v) इस अधिसूचना में सूचीबद्ध संवर्धित क्रियाकलाप : परन्तु यह और कि ऐसे लघु उद्योगों जो प्रदूषण उत्पन्न नहीं करते हैं, से संबंधित संनिर्माण क्रियाकलाप विनियमित किए जाएंगे और लागू नियमों और विनियमों, यदि कोई हों, के अनुसार सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति से ही न्यूनतम पर रखे जाएंगे। (ख) यह एक किलोमीटर से आगे आंचलिक महायोजना की अनुसार विनियमित होंगे।
13.	प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग।	फरवरी, 2016 में केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी मार्गदर्शी सिद्धांतो में उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार गैर-प्रदूषणकारी उद्योग और अपरिसंकटमय, लघु और सेवा उद्योग, कृषि, पुष्प कृषि, उद्यान कृषि या पारिस्थितिक संवेदी जोन से देशी सामग्री से उत्पादों को उत्पन्न करने वाले कृषि आधारित उद्योग सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुज्ञात होंगे।
14.	वृक्षों की कटाई।	(क) राज्य सरकार में सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना वन, सरकारी या राजस्व या निजी भूमि पर या वनों में किंही वृक्षों की कटाई नहीं होगी। (ख) वृक्षों की कटाई संबंधित केंद्रीय या राज्य अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंध के अनुसार विनियमित होगी।
15.	वन उत्पादों और गैर काष्ठ वन उत्पादों का संग्रहण (एनटीएफपी)।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
16.	विद्युत और दूरसंचार टावरों का परिनिर्माण और केबल बिछाना और अन्य बुनियादी ढांचे।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे। भूमिगत केबल बिछाए जाने को बढ़ावा दिया जाएगा।
17.	नागरिक सुख सुविधाओं सहित बुनियादी ढांचे।	लागू विधियों, नियमों और विनियमों तथा उपलब्ध मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुसार न्यूनीकरण के उपायों के साथ, किए जाएंगे।
18.	विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना तथा नई सड़कों का संन्निर्माण।	लागू विधियों, नियमों और विनियमों तथा उपलब्ध मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुसार न्यूनीकरण के उपायों के साथ, किए जाएंगे।
19.	गर्म वायु गुब्बारें, हेलीकाप्टर, ड्रोन, माइक्रोलाइटस आदि द्वारा पारिस्थितिक संवेदी जोन क्षेत्र के ऊपर से उड़ना जैसे पर्यटन से संबंधित क्रियाकलाप करना।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
20.	पहाड़ी ढालों और नदी तटों का संरक्षण।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
21.	रात्रि में यानिक यातायात का संचलन।	लागू विधियों के अधीन वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए विनियमित होंगे।
22.	स्थानीय समुदायों द्वारा चलाई जा रही कृषि और बागवानी प्रथाओं के साथ साथ पशुपालन, पशुपालन कृषि और मछली पालन।	स्थानीय लोगों के उपयोग के लिए लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
23.	प्राकृतिक जल निकायों या सतही क्षेत्र में उपचारित अपशिष्ट जल/बहिर्स्राव का निस्सारण।	उपचारित अपशिष्ट जल/बहिर्स्राव का निस्सारण जल निकायों में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। उपचारित अपशिष्ट जल के पुनर्चक्रण और पुन:उपयोग के लिए प्रयास किए जाएंगे। उपचारित अपशिष्ट जल/बहिर्स्रावों का निस्सारण लागू विधियों के अनुसार विनियमित किया जाएगा ।

24.	सतह और भूजल के वाणिज्यिक निष्कर्षण।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
25.	खुले कुआं, बोर कुआं, आदि के लिए कृषि और अन्य उपयोग।	विनियमित और उपयुक्त प्राधिकारी द्वारा क्रियाकलापों की सख्ती से मानीटरी की जाएगी।
26.	ठोस अपशिष्ट प्रबंधन/जैव-चिकित्सीय अपशिष्ट प्रबंधन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
27.	विदेशी प्रजातियों को लाना।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
28.	पारिस्थितिक पर्यटन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
29.	पोलिथीन बैगों का उपयोग।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
30.	वाणिज्यिक साइनबोर्ड और होर्डिंग।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
	ग. संवर्धित क्रियाकलाप	
31.	वर्षा जल संचयन।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाए।
32.	जैविक खेती।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाए।
33.	सभी गतिविधियों के लिए हरित प्रौद्योगिकी को ग्रहण करना।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाए।
34.	कुटीर उद्योग जिसके अंतर्गत ग्रामीण कारीगर आदि भी हैं।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाए।
35.	नवीकरणीय ऊर्जा और ईंधन का उपयोग।	बायो गैस, सौर लाइट, आदि का सक्रिय रूप से संवर्धन किया जाएगा।
36.	कृषि वानिकी।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
37.	पारिस्थितिक अनुकूल परिवहन का उपयोग।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
38.	कौशल विकास।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
39.	निम्नीकृत भूमि या वन या आवास की बहाली।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
40.	पर्यावरणीय जागरुकता।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।

5. मानीटरी समिति.—केंद्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, पारिस्थितिक संवेदी जोन की प्रभावी निगरानी के लिए निगरीनी समिति गठित करती है जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी:—

(i) क्षेत्रीय आयुक्त , मैसूर - - अध्यक्ष;

(ii) जिला चमराज नगर, हनूर निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व - सदस्य;

(iii) पर्यावरण विभाग, कर्नाटक सरकार का प्रतिनिधित्व - सदस्य;

(iv) शहरी विकास विभाग कर्नाटक सरकार का प्रतिनिधित्व - सदस्य;

(v) प्रकृति संरक्षण के क्षेत्र में कार्य करने वाले गैर सरकारी संगठनो (जिसके अन्तर्गत अंतर्गत विरासत संरक्षण भी है) का राज्य सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट किए जाने वाला एक प्रतिनिधित्व - सदस्य;

IndiaCode

(vi) क्षेत्रीय अधिकारी, कर्नाटक सरकार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, मैसूर - सदस्य;

(vii) राज्य सरकार द्वारा नाम निर्दिष्ट किए जाने वाला कर्नाटक के ख्याति प्राप्त संस्था या विश्वविद्यालय से पारिस्थितिक में एक विशेषज्ञ – सदस्य;

(viii) उपायुक्त या उसका प्रतिनिधि, चमराजनगर –सदस्य;

(ix) जैवविविधता विशेषज्ञ –सदस्य;

(x) उप वन संरक्षक, मलाई महादेश्वरा वन्य जीव अभयारण्य, कोलेगल - सदस्य सचिव;

टिप्पण : कर्नाटक राज्य सरकार द्वारा अन्य बातों के साथ सुसंगत अनुमोदन, जिसके अंतर्गत कर्नाटक विधान सभा के सभापति की अनुज्ञा भी है, यदि अपेक्षित हो, अभिप्राप्त करने के अधीन।

6. निर्देश का निबंधन.—

(1) पारिस्थितिक संवेदी जोन समिति इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुपालन को मानीटर करेगी ।

(2) समिति का कार्यकाल तीन साल या राज्य सरकार द्वारा नई समिति के गठन तक होगा।

(3) पारिस्थितिक संवेदी जोन में भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1533(अ), तारीख 14 सितंबर, 2006 की अनुसूची में सम्मिलित क्रियाकलापों और इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन प्रतिषिद्ध गतिविधियों के सिवाय आने वाले ऐसे क्रियाकलापों की दशा में वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित मानीटरी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उक्त अधिसूचना के उपबंधों के अधीन पूर्व पर्यावरण निकासी के लिए केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को निर्दिष्ट की जाएगी ।

(4) इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के सिवाय, भारत सरकार के पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का.आ. 1533(अ) तारीख 14 सितंबर, 2006 की अधिसूचना के अनुसूची के अधीन ऐसे क्रियाकलापों, जिन्हें सम्मिलित नहीं किया गया है, परंतु पारिस्थितिक संवेदी जोन में आते हैं, ऐसे क्रियाकलापों की वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित मानीटरी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उसे संबद्ध विनियामक प्राधिकरणों को निर्दिष्ट किया जाएगा ।

(5) मानीटरी समिति का सदस्य-सचिव या संबद्ध उपायुक्त, ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध, जो इस अधिसूचना के किसी उपबंध का उल्लंघन करता है, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन परिवाद फाइल करने के लिए सक्षम होगा ।

(6) मानीटरी समिति मुद्दा दर मुद्दा के आधार पर अपेक्षाओं पर निर्भर रहते हुए संबद्ध विभागों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों, औद्योगिक संगमों या संबद्ध पणधारियों के प्रतिनिधियों को अपने विचार-विमर्श में सहायता के लिए आमंत्रित कर सकेगी ।

(7) मानीटरी समिति प्रत्येक वर्ष की 31 मार्च तक की राज्य के मुख्य वन्यजीव रक्षक को अपनी वार्षिक कार्रवाई रिपोर्ट **उपाबंध V** पर उपाबद्ध रूप विधान के अनुसार उक्त वर्ष के 30 जून तक प्रस्तुत करेगी ।

(8) केन्द्रीय सरकार का पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय मानीटरी समिति को अपने कृत्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए समय-समय पर ऐसे निदेश दे सकेगा, जो वह ठीक समझे ।

7. इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभाव देने के लिए केंद्रीय सरकार और राज्य सरकार अतिरिक्त उपाय, यदि कोई हों, विनिर्दिष्ट कर सकेंगे ।

8. इस अधिसूचना के उपबंध, भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय या राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा पारित कोई आदेश या पारित होने वाले किसी आदेश, यदि कोई हों, के अधीन होंगे ।

[फा. सं. 25/162/2015-ईएसजेड]

ललित कपूर, वैज्ञानिक 'जी'

उपाबंध I

मलाई महादेश्वर वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिक संवेदी जोन की सीमा का वर्णन

मलाई महादेश्वर वन्यजीव अभयारण्य के किनारे (बाहरी) में बहुत से ग्राम क्षेत्र है जो मलाई महादेश्वर वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिक संवेदी जोन में शामिल माने जाते है पहले से बी.आर.टी वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के पूर्वी भाग पारिस्थितिक संवेदी जोन में शामिल है और कावेरी वन्यजीव अभयारण्य के उत्तरी भाग (कुछ भाग) एवं मलाई महादेश्वर वन्यजीव अभयारण्य का शेष उत्तरी भाग कावेरी वन्यजीव अभयारण्य के समीप है। संपूर्ण मलाई महादेश्वर वन्यजीव अभयारण्य का दक्षिण भाग अंतर-राज्य सीमा कर्नाटक एवं तमिलनाडु राज्यों के बीच है। अतः तमिलनाडु वन विभाग प्राधिकारी ने पारिस्थितिक संवेदी जोन के अनुसार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, नई दिल्ली के दिशा निर्देशों के पत्र सं. एफ. एम 1-9/2007 डबल्यू एल. आई (पी.टी) दिनांक 09.02.2011 के द्वारा अनुरोध किया है इसके अतिरिक्त, तीन आरक्षित वन एवं हानुर आरक्षित वन के द्वारा अभयारण्य के पारिस्थितिक संवेदी जोन पारिस्थितिक अखंडता में मलाई वन्यजीव अभयारण्य का गठन किया गया है।

मलाई महादेश्वर वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिक संवेदी जोन में राजस्व क्षेत्रों में सम्मिलित है जिनको दे भागों में विभक्त किया गया है अर्थात्- भाग- I एवं भाग- II यह दो भाग अलग-अलग है कावेरी वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिक संवेदी जोन का भाग हानुर आरक्षित वन के उत्तरी भाग में मलाई महादेश्वर वन्यजीव अभयारण्य की सीमा आरक्षित वन के उत्तरी भाग में मलाई महादेश्वर वन्यजीव अभयारण्य की सीमा हानुर आरक्षित वन के उत्तरी भाग पर मिला है।

दक्षिण : सीमा बिंदु हानुर आरक्षित वन के पूर्वी भाग पर बिंदु निर्देशांक उ 12^{0}02' 49" पू 77^{0}17' 16" के साथ आरंभ होकर और हानुर ग्राम की दक्षिण सीमा के साथ होते हुए बाहरी सीमा की सर्वे सं. 355, 175, 176, 147, 150, 198, 200, 201, 14, 204, 203, 205, 221, 168, 222, 234 और 235 पश्चिम की ओर जाती है फिर यह निर्देशांक उ 12^0 02' 58" पू 77^0 15' 51" के साथ सामान्य ग्राम सीमा पर अर्थात हानुर एवं बेलाथूर ग्रामों के सर्वे सं. 235 एवं 167 के जंक्शन बिंदु पहुंचती है।


पश्चिम : निर्देशांक के ऊपर से सीमा हानुर नगर के लोक्कानाहल्ली हानुर मुख्य जिला सड़क के साथ उत्तर-पूर्व दिशा में जाती है फिर यह बेलाभूर, हानुर एवं उद्दानूर ग्रामों के त्रि-जंक्शन बिंदु पहुंचती है इस बिंदु से रेखा हानुर ग्राम से होते हुए उसी सड़क के साथ इसके अतिरिक्त उत्तर पूर्व दिशा में जाती है फिर यह निर्देशांक उ 12^0 04' 50" पू 77^0 18' 02" के साथ बिंदु पहुंचती है। इस बिंदु से रेखा पुनः उत्तर पूर्व दिशा में काउदल्ली के उसी सड़क के साथ जाती है फिर यह हानुर एवं दोद्दामरीदेवारायसमुनद्रा ग्रामों की सामान्य ग्राम सीमा पर हानुर ग्राम के सर्वे सं. 496 एवं 412 दोद्दामरीदेवारायसमुनद्रा ग्राम के संर्वे सं. 213 के त्रि-जंक्शन बिंदु पहुंचती है। इसके बाद रेखा कुछ दूरी पर उत्तर की ओर जाती है और इसके बाद अंतर-ग्राम सीमा के पश्चिम की ओर के साथ हानुर ग्राम के उत्तरी भाग के साथ जाती है फिर यह निर्देशांक उ 12^0 05' 58" पू 77^0 19' 16" के साथ प्रवाह के बिंदु पहुंचती है।

उत्तर : इसके बाद रेखा दिद्दामरीदेवारायसमुनद्रा, बथुगुप्पा एवं चेनगराहल्ली ग्रामों की सामान्य ग्राम सीमा के प्रवाह के साथ जाती है फिर यह उ 12^0 06' 22" पू 77^0 20' 27" बिंदु के साथ पहुंचती है इसके बाद रेखा कावेरी वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिक संवेदी जोन सीमा के साथ दक्षिणा की ओर उतरकर हानुर आरक्षित वन के अधिकांश टिप के उत्तर पूर्वी पहुंचती है।

उत्तर एवं पूर्वः बिंदु हानुर आरक्षित वन की सीमा पर बिंदु निर्देशांक उ 12^0 03' 09" पू 77^0 20' 30" के साथ आरंभ होकर और इसके बाद हानुर रामापुरम सड़क के साथ दक्षिण के साथ दक्षिण-पूर्व दिशा पुनः जाती है फिर यह सामान्य ग्राम अज्जीपुरम एवं रामापुरम ग्रामों की सीमा पर बिंदु निर्देशांक उ 12^0 00' 38" पू 77^0 22' 46" के साथ पहुंचती है इसके बाद रेखा सामान्य ग्राम अज्जीपुरम एवं रामापुरम की सीमा के साथ उत्तर पूर्व दिशा के साथ पुनः जाती है फिर यह अज्जीपुरम, रामापुरम एवं चेनगाराहल्ली ग्रामों के त्रि-जंक्शन बिंदु पहुंचती है इसके बाद रेखा सामान्य ग्राम रामापुरम एवं चेनगाराहल्ली की सीमा के साथ दक्षिण-पूर्व दिशा में उतरकर फिर यह बिंदु के निर्देशांक उ 12^0 00' 43" पू 77^0 24' 05" के साथ पहुंचती है। इसके अतिरिक्त, सीमा रेखा रामापुरम एवं चेनगाराहल्ली की सामान्य ग्राम सीमा के साथ पुनः जाती है फिर यह इदायाराहल्ली आरक्षित वन सीमा पर चेनगाराहल्ली एवं रामापुरम ग्रामों के अधिकांश टिप उत्तर पूर्वी निर्देशांक उ 12^0 00' 28" पू 77^0 25' 28" के साथ पहुंचती है।

उपाबंध II

मलाई महादेश्वर वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिक संवेदी जोन का मानचित्र



उपाबंध-III

मलाई महादेश्वर वन्यजीव अभयारण्य की सीमा पर मुख्य बिंदुओं के भू निर्देशांकों के दर्शाने वाली सारणी

मानचित्र आई डी	अक्षांश	देशांतर
1	12° 01' 45"	77° 16' 29"
2	12° 06' 03"	77° 20' 54"
3	12° 03' 00"	77° 20' 30"
4	12° 59' 22"	77° 20' 05"
5	12° 59' 21"	77° 24' 41"
6	12° 04' 42"	77° 27' 37"
7	12° 05' 47"	77° 30' 53"
8	12° 08' 50"	77° 29' 45"
9	12° 07' 19"	77° 32' 54"

10	12° 09' 33"	77° 38' 01"
11	12° 06' 35"	77° 40' 07"
12	12° 01' 58"	77° 37' 44"
13	12° 57' 11"	77° 39' 39"
14	12° 56' 56"	77° 29' 45"
15	12° 53' 11"	77° 29' 11"
16	12° 50' 54"	77° 28' 03"
17	12° 45' 34"	77° 25' 41"
18	12° 48' 40"	77° 15' 08"
19	12° 55' 12"	77° 15' 34"
20	12° 59' 57"	77° 15' 22"

मलाई महादेश्वर वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिक संवेदी जोन की सीमा पर मुख्य बिंदुओं के भू निर्देशांकों के दर्शाने वाली सारणी

मानचित्र आई डी	अक्षांश	देशांतर
1	12° 01' 31"	77° 16' 25"
2	12° 02' 18"	77° 14' 35"
3	12° 04' 55"	77° 15' 41"
4	12° 05' 00"	77° 18' 23"
5	12° 05' 58"	77° 19' 14"
6	12° 06' 21"	77° 20' 28"
7	12° 02' 56"	77° 20' 39"
8	12° 00' 09"	77° 23' 13"
9	12° 59' 49"	77° 24' 24"

उपाबंध IV

मलाई महादेश्वरा वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिक संवेदी जोन के कोलेगल तालुक के अन्तर्गत आने वाले निम्नलिखित 26 ग्राम (18 संलग्न ग्राम सम्मिलित है) । पारिस्थितिक संवेदी जोन का कुल भौगोलिक क्षेत्र 143.12 वर्ग किलोमीटर है। मलाई महादेश्वरा वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिक संवेदी जोन के अन्तर्गत राजस्व ग्रामों और संलग्न ग्रामों का विवरण

मानचित्र आई डी	ग्राम के नाम	तालुक	जिला	विस्तार (हेक्टेयर)	अक्षांश			देशांतर			टिप्पणियां
					डिग्री	मिनट	सेकेण्ड	डिग्री	मिनट	सेकेण्ड	
1	रामापुरम	कोलेगल	चमराजनगर	1062.68	12	0	59.57	77	23	40.72	आंशिक ग्राम
2	अज्जीपुरम	कोलेगल	चमराजनगर	366.1	11	59	22.80	77	22	0.92	आंशिक ग्राम
3	गनगानदोद्दी	कोलेगल	चमराजनगर	408.307	12	0	42.82	77	21	39.48	आंशिक ग्राम
4	सुलेरिपालाइयम	कोलेगल	चमराजनगर	1051.38	12	1	41.61	77	21	34.68	आंशिक ग्राम
5	दोद्दामरीदेवारायस मुनद्रा	कोलेगल	चमराजनगर	172.584	12	6	8.92	77	19	39.05	आंशिक ग्राम
6	हानुर	कोलेगल	चमराजनगर	812.965	12	4	46.80	77	17	52.52	आंशिक ग्राम
7	बेलात्तुर	कोलेगल	चमराजनगर	180.748	12	3	39.86	77	16	11.79	आंशिक ग्राम

IndiaCode

8	सिरागोदु	कोलेगल	चमराजनगर	292.5	12	1	52.40	77	16	25.40	आंशिक ग्राम
9	पोन्नाची	कोलेगल	चमराजनगर	1270.9	12	7	4.68	77	37	2.00	पूर्ण ग्राम (संलग्न)
10	चेन्गादी	कोलेगल	चमराजनगर	209.558	12	6	48.12	77	33	25.28	पूर्ण ग्राम (संलग्न)
11	ओदाकिहल्ला	कोलेगल	चमराजनगर	209.403	12	4	2.16	77	30	33.20	पूर्ण ग्राम (संलग्न)
12	इलचिकेरे	कोलेगल	चमराजनगर	45.777	12	3	7.80	77	31	39.80	पूर्ण ग्राम (संलग्न)
13	विदाराहल्ली	कोलेगल	चमराजनगर	170.615	12	2	43.68	77	29	48.92	पूर्ण ग्राम (संलग्न)
14	कोक्कुबोरे	कोलेगल	चमराजनगर	78.345	12	1	36.86	77	32	52.01	पूर्ण ग्राम (संलग्न)
15	मलाईमहादेश्वरा	कोलेगल	चमराजनगर	894.974	12	2	50.88	77	35	56.12	***पूर्ण ग्राम (संलग्न)**
16	इंदीगांथा	कोलेगल	चमराजनगर	185.734	12	1	47.88	77	37	53.84	पूर्ण ग्राम (संलग्न)
17	तुलसीकेरे	कोलेगल	चमराजनगर	181.194	12	0	19.68	77	37	2.72	पूर्ण ग्राम (संलग्न)
18	मेदुगुनी	कोलेगल	चमराजनगर	28.901	11	59	59.16	77	35	52.16	पूर्ण ग्राम (संलग्न)
19	कोमबुदुकी	कोलेगल	चमराजनगर	116.988	12	0	22.92	77	33	14.12	पूर्ण ग्राम (संलग्न)
20	तोकेराई	कोलेगल	चमराजनगर	73.259	11	59	36.84	77	32	11.84	पूर्ण ग्राम (संलग्न)
21	दोद्दाने	कोलेगल	चमराजनगर	92.505	11	57	36.24	77	31	43.04	पूर्ण ग्राम (संलग्न)
22	मरताल्ली	कोलेगल	चमराजनगर	1615.36	11	59	32.52	77	30	26.00	पूर्ण ग्राम (संलग्न)
23	हुगयाम	कोलेगल	चमराजनगर	2679.177	11	50	32.16	77	27	54.80	पूर्ण ग्राम (संलग्न)
24	मिन्नियाम	कोलेगल	चमराजनगर	1036.6	11	49	20.52	77	21	6.56	पूर्ण ग्राम (संलग्न)
25	दिन्नाल्ली	कोलेगल	चमराजनगर	905.142	11	55	45.36	77	21	9.80	पूर्ण ग्राम (संलग्न)
26	पचहेदोद्दी	कोलेगल	चमराजनगर	171.245	12	1	24.84	77	19	0.56	पूर्ण ग्राम (संलग्न)
			कुल:	**14312.94**							

* मलाई महादेश्वरा संलग्न से संबंधित लगभग 104 एकड़ (42.08 हेक्टेयर) का क्षेत्र पारिस्थितिक संवेदी जोन से बाहर रखा गया है ताकि भविष्य में पर्यावरण के अनुकूल पर्यावरण के विकास के लिए विकास किया जा सके।

उपाबंध -V

पारिस्थितिक संवेदी जोन मानीटरी समिति - की गई कार्रवाई की रिपोर्ट का रूप विधान

1. बैठकों की संख्या और तिथि ।
2. बैठकों का कार्यवृत : कृपया मुख्य उल्लेखनीय बिंदुओं का वर्णन करें । बैठक के कार्यवृत्त को एक पृथक अनुबंध में उपाबद्ध करें ।
3. आंचलिक महायोजना की तैयारी की प्रास्थिति जिसके अंतर्गत पर्यटन महायोजना ।
4. भू-अभिलेख में सदृश्य त्रुटियों के सुधार के लिए ब्यौहार किए गए मामलों का सारांश।
5. पर्यावरण समाघात निर्धारण अधिसूचना, 2006 के अधीन आने वाली गतिविधियों की संविक्षा के मामलों का सारांश । ब्यौरे एक पृथक् उपाबंध के रूप में उपाबद्ध किए जा सकते हैं ।
6. पर्यावरण समाघात निर्धारण अधिसूचना, 2006 के अधीन न आने वाली गतिविधियों की संविक्षा के मामलों का सारांश । ब्यौरे एक पृथक् उपाबंध के रूप में उपाबद्ध किए जा सकते हैं ।
7. पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन दर्ज की गई शिकायतों का सारांश ।
8. कोई अन्य महत्वपूर्ण विषय ।

MINISTRY OF ENVIRONMENT, FOREST AND CLIMATE CHANGE

NOTIFICATION

New Delhi, the 13th September, 2017

S.O. 3031(E).—WHEREAS, a draft notification was published in the Gazette of India, Extraordinary, *vide* notification number S.O 1274 (E), dated 31st March, 2016 inviting objections and suggestions from all persons likely to be affected thereby within the period of sixty days from date on which copies of the Gazette containing the said notification were made available to the public;

AND WHEREAS, copies of the Gazette were made available to the public on the dated 31st March, 2016;

AND WHEREAS, no objections and suggestions received from persons and stakeholders in response to the draft notification;

AND WHEREAS, the Malai Mahadeshwara Wildlife Sanctuary was notified vide notification No: FEE 90 WL 2013 dated 07.05.2013 situated in Chamrajanagara district (HanurTaluk) of Karnataka State situated between the North Latitudes 11°44'54.29"N to 12° 9'32.51"N and the East Longitudes 77°15'28.54"E to 77°40'6.35"E is spread over an area of 906.187 square kilometers;

AND WHEREAS, Malai Mahadeshwara Wildlife Sanctuary forms important part of the savannah woodland forests of Karnataka and also forms part of the Mysore Elephant Reserve declared by Project Elephant which supports good densities of Asian elephants depicting the ecological importance of the Sanctuary and recently tigers have also been documented in this Wildlife Sanctuary;

AND WHEREAS, the western side of the Sanctuary is connected to Biligirirangaswamy Temple Tiger Reserve through a very narrow corridor, southern side is connected to Satyamangalam Tiger Reserve (1,411.6 square kilometres) and eastern part is connected to North Baragur Reserve Forest (451.5 square kilometres) both of which are in Tamil Nadu which forms a contiguous habitat for wide ranging species in over 3,000 square kilometres, one of the largest in the country where some of the large mammals are found which include tiger, leopard, wild dog, striped hyena, sloth bear, elephant, gaur, sambar, chital and four-horned antelope, smooth coated-otter and marsh crocodile are two important riverine wildlife species and the sanctuary is also famous for the endangered fish Deccan Mahasheer, the River Paalar flows through the Sanctuary and forms the interstate boundary on the eastern side of the Sanctuary, and there are 19 enclosure villages inside the Sanctuary;

AND WHEREAS, RET species of flora found in Malai Mahadeshwara Wildlife Sanctuary are Bilvapathre (*Aeglemarmelos),*Dindiga (Anogeissiuslatifolia), Muttuga (*Buteamonosperma*), Urugalu (*CholeoxylonSwictenia*), Beete (*Dalbergialatifolia*), Kamara (*Hardiwiekeabinata*), Honne(*Pterocarpusmarsupium*), Shrigandha (*Santalum album*), Sagade(*Schleicheraoleosa*), Matti (*Terminaliatomentosa*), Tare (*Terminaliabellerica*), Hale, Halgouri (*Wrightiatinctoria*), Jalari (*Shorea)*etc.;

